**दिनांक 02.01.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Construction of Block-cum-circle office building at MOKAMA, Patna कार्य के तकनीकी बीड पर प्राप्त आपत्ति पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही:-**

उपस्थितिः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री कुमार रवि,**<br>सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,**<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-<br>सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |
| 3. | **श्री ब्रजेश कुमार,**<br>मुख्य अभियंता(पटना),<br>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |
| 4. | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |

कार्यवाहीः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | - | **Construction of Block-cum-circle office building at MOKAMA, Patna** |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | - | ₹16.621 करोड़<br>(ग्रामीण विकास विभाग, बिहार का ज्ञापांक 3556556 दिनांक 10.01.2025) |
| 3. | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹12,78,67,079.00<br>(मुख्य अभियंता(नि0) के पत्रांक 888(नि0)अनु0 दिनांक 09.07.2025) |
| 4. | परिमाण विपत्र की राशि (विद्युत कार्य सहित) | - | ₹12,41,03,112.00 |
| 5. | निविदा आमंत्रण कि तिथि | - | 25.09.2025 |
| 6. | कार्य की अवधि | - | 12(बारह) माह |
| 7. | निविदा प्राप्त करने की प्रारंभ तिथि | - | 24.10.2025 |
| 8. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | - | 18.11.2025 |
| 9. | प्री-बीड की बैठक की तिथि एवं समय | - | दिनांक 29.10.2025 को मुख्य अभियंता (पटना) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक 30.10.2025 को अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना के कार्यालय कक्ष में। |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | - | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | टेन्डर आई0डी0 | - | 118225 |
| 12. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | - | **(I)** AMOD KUMAR, S/O-SRI LAXMI BHAGAT, WARD NO-6, PATORI BAZAR, SATAR KATAIYA, PO-PANCHGACHIYA, SAHARSA -852124<br>**(II)** MOTHER INDIA CONSTRUCTION PVT LTD., ADD-ASPURA HOUSE,ROAD NO. 03,SANJAY GANDHI NAGAR, KANKARBAGH, PATNA-800026 |

13. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही:-**

**विषयांकित कार्य के प्रथम निविदा की कार्यवाही:-**

दिनांक 18.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार बित्त बिभाग के अधिसूचना संख्या-7806 दिनांक 30.09.2016 में निहित प्रावधान के आलोक में आमंत्रित निविदा एकमात्र निविदाकार सफल पाये जाने के कारण आमंत्रित निविदा को रद्द करने एवं शीघ्रताशीघ्र पुनर्निविदा करने का निर्णय गया।

**वर्तमान आमंत्रित निविदा की कार्यवाही:-**

विषयांकित कार्य की यह द्वितीय निविदा है। विषयांकित कार्य की निविदा में उपरोक्त दो निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। दोनों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना के पत्रांक 1604 अनु0 दिनांक 08.12.2025 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया।

दिनांक 12.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में दोनों निविदाकारों को तकनीकी बीड में सफल घोषित करते हुए दिनांक 19.12.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे तक आपत्ति/परिवाद प्राप्त करने का समय निर्धारित किया गया। उक्त के क्रम में आपत्तिकर्ता श्री अशोक कुमार के पत्रांक शून्य दिनांक 18.12.2025 द्वारा आपत्ति दर्ज किया गया है।

आपत्तिकर्ता श्री अशोक कुमार द्वारा सूचित किया गया कि उनके द्वारा निविदाकार AMOD KUMAR, S/O-SRI LAXMI BHAGAT, WARD NO-6, PATORI BAZAR, SATAR KATAIYA, PO-PANCHGACHIYA, SAHARSA -852124 को बिजली एवं फर्नीचर का कागजात नहीं दिया गया है। मुख्य अभियंता(पटना) के पत्रांक 3288(प0) दिनांक 20.12.2025 द्वारा निविदाकार अमोद कुमार एवं आपत्तिकर्ता अशोक कुमार को उक्त दावे पर संदेह सम्पुष्टि हेतु वैध पहचान-पत्र सहित मुख्य अभियंता(पटना) के कार्यालय में दिनांक 23.12.2025 को उपस्थित होने का निदेश दिया गया। निर्धारित तिथि दिनांक 23.12.2025 को आपत्तिकर्ता श्री अशोक कुमार उपस्थित हुये एवं उनके द्वारा उक्त दावे पर हस्तलिखित सम्पुष्टि पत्र समर्पित किया गया। निविदाकार अमोद कुमार निर्धारित तिथि पर अनुपस्थित रहे।

14. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा:-**

सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से प्राप्त आपत्ति के आलोक में निविदाकार AMOD KUMAR, S/O-SRI LAXMI BHAGAT, WARD NO-6, PATORI BAZAR, SATAR KATAIYA, PO-PANCHGACHIYA, SAHARSA -852124 को आमंत्रित निविदा में असफल घोषित करते हुए एवं उनपर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई किये जाने की अनुशंसा की गयी। इस प्रकार द्वितीयवार आमंत्रित निविदा में एकमात्र सफल निविदाकार रहने के कारण पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना संख्या-3162(एस) दिनांक 09.05.2016 में निहित प्रावधान के आलोक में निविदाकार MOTHER INDIA CONSTRUCTION PVT LTD., ADD-ASPURA HOUSE,ROAD NO. 03, SANJAY GANDHI NAGAR, KANKARBAGH, PATNA-800026 का वित्तीय बीड खोले जाने की अनुशंसा के साथ सहमति हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

15. **विभागीय निविदा समिति का निर्णय:-**

सम्यक् विचारोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा पर सहमति प्रदान की गयी।

इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2/1/26 | 02/1/2026 | 02/1/26 | 2/1/26 |
| (विकास कुमार पाण्डेय) | (ब्रजेश कुमार) | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर) | (कुमार रवि) |
| आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, बिहार, पटना | मुख्य अभियंता(पटना) भ0नि0वि0, बिहार, पटना | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना | सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना |

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(प0)यो0प्राक0-01-26/2025 -19 (B) पटना, दिनांक- 05/02/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना